तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपील संख्या 28/2009(जी.सी.एम.एस. नंबर 2009/00002) बअनवान करणाराम व अन्य बनाम सुगनाराम इत्यादि	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
08.05.2026	पत्रावली पेश हुई। वकुलाय उपस्थित। अपील पत्रावली के अवलोकन मुताबिक विचारण न्यायालय द्वारा पारित अस्थाई निषेधाज्ञा दिनांक 19.05.2009 से प्रभावी है तथा माननीय राजस्व मण्डल की एकलपीठ द्वारा भी निगरानी संख्या 4716/2009 में पारित आदेश दिनांक 24.06.2009 के जरिये वादग्रस्त आराजीयात के संबंध में मौके एवं राजस्व रेकर्ड की यथास्थिति के आदेश पारित किये गये है। वर्तमान में विचारण न्यायालय में मूल वाद विचाराधीन है। विचारण न्यायालय द्वारा मूल वाद के विचाराधीन रहते वादग्रस्त आराजीयात को संरक्षित रखने के लिए विधिसम्मत अपीलाधीन आदेश पारित किया जाना प्रकट होता है। अपीलाधीन आदेश में किसी प्रकार की विधिक त्रुटि नहीं पाये जाने से अदालत हाजा की राय में अपीलाधीन आदेश में हस्तक्षेप किया जाना उचित नहीं समझते है। वस्तुतः अपील अपीलांट खारिज की जाती है तथा अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित अपीलाधीन आदेश दिनांक 19.05.2009 को यथावत रखा जाता है। अधीनस्थ न्यायालय को आदेश प्रति सूचनार्थ भिजवायी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो। आदेश सरे ईजलास सुनाया गया। (ओमप्रकाश विश्नोई) राजस्व अपील अधिकारी जोधपुर राजस्व अपील अधिकारी जोधपुर	